भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3567
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 16 मार्च, 2020
26 फाल्गुन, 1941 (शक)

यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की सूची में पर्यटन स्थलों को शामिल करना और हटाना

3567. श्री सौमित्र खान:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कैलाश मानसरोवर को यूनेस्को की विरासत स्थलों की अनंतिम सूची से हटा दिया गया है;
(ख): यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग): क्या भारत ने डब्ल्यूएचसी सत्र 2020 के लिए रामप्पा मंदिर और डब्ल्यूएचसी सत्र 2021 के लिए दक्कन सल्तनत स्थलों को नामांकित किया है; और
(घ): क्या मंत्रालय यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों के लिए बिष्णुपुर मंदिरों, नियोरा वैली नेशनल पार्क और शांतिनिकेतन पर विचार कर रहा है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): जी, नहीं। जिला पिथोरागढ़, उत्तराखंड स्थित "सेकर्ड माउंटेन लैंडस्केप एंड हैरिटेज रूट्स" शीर्षक संपत्ति को प्रस्तावित सम्पत्ति के समन्वय के संबंध में तकनीकी सुधार का हवाला देते हुए निदेशक, भारतीय वन्य जीव संस्थान के अनुरोध पर यूनेस्को की संभावित सूची से बाहर कर दिया गया है।

(ग): जी, हां। भारत ने डब्ल्यूएचसी सत्र 2020 के लिए राम्मपा मंदिरों को नामांकित किया है। वर्ष 2021 के लिए दो डोजियर, नामत: 'धौलावीरा: एक हड़प्पन शहर' और दक्कन सल्तनत के स्मारकों और किलों को डब्ल्यूएचसी को प्रस्तुत किया गया था और संचालनात्मक दिशा-निर्देशों के अनुसार, 'धौलावीरा: एक हड़प्पन शहर' के डोजियर को प्राथमिकता दी गई है।

(घ): जी, हां। सभी तीन स्थलों नामत: बिश्नुपुर स्थित मंदिर, नियोरा वैली राष्ट्रीय पार्क और शांतिनिकेतन को अनंतिम सूची में शामिल कर लिया गया है जोकि, आगे की अभिलेखन प्रक्रिया के लिए पूर्वापेक्षित शर्त है।